आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 09 जनवरी 2025


वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 vandebharat24 @vandebharat24news www.vandebharat24.com

# जालंधर के नए मेयर, पार्षद और डिप्टी मेयर 11 जनवरी को लेंगे शपथ




**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** 11 जनवरी को जालंधर के नए मेयर शपथ ग्रहण करेंगे। यह कार्यक्रम रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा, जहां मेयर के साथ पार्षदों को भी शपथ दिलाई जाएगी। इसी कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर भी अपने पद की शपथ लेंगे।

शहर के गणमान्य लोग और प्रशासनिक अधिकारी इस समारोह में शामिल होंगे।

इस अवसर पर नए मेयर अपनी प्राथमिकताओं और शहर के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा करेंगे। यह दिन जालंधर के नागरिकों के लिए बेहद खास होगा, क्योंकि शहर के नेतृत्व में नए चेहरों के साथ विकास की दिशा तय की जाएगी।

### डिविजनल कमिश्नर ने बुलाई मीटिंग

मीटिंग की अगुवाई डिविजनल कमिश्नर दिलजीत सिंह मांगट करेंगे। यह समारोह शाम 3 बजे होगा और मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के नाम का ऐलान किया जाएगा। इसी दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ भी दिलाई जाएगी। पंजाब सरकार ने इस बैठक से संबंधित पत्र जारी कर दिया है और नगर निगम प्रशासन ने मीटिंग की तैयारी शुरू कर दी है।

### 21 दिसंबर को हुए थे चुनाव

आपको बता दें कि जालंधर में 21 दिसंबर को नगर निगम चुनाव हुए थे। इसमें किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 38 सीटें मिली थीं। अब उसने दूसरे दलों से आए पार्षदों को अपने साथ जोड़ लिया है और बहुमत के आंकड़े को हासिल कर लिया है। आप ने कुछ दिन की मेहनत के बाद अपने खेमे में 6 और पार्षद जुटा लिए जिनमें से दो कांग्रेस के, दो भाजपा के और दो पार्षद आजाद रूप से हैं।

## विनीत धीर ने bjp की एक और विकेट की डाउन

### Bjp को झटके पे झटका, सीनियर लीडरशिप संभाल नहीं पा रही अपने पार्षदों को

### आप के पास अब पार्षदों की संख्या 45

जालंधर नगर निगम में मेयर पद को लेकर विवाद अब भी बरकरार है, और नाम की घोषणा लगातार टाली जा रही है।

इस बीच, कैंट हल्के में बीजेपी को एक और झटका लगा है, जहां वार्ड-17 की पार्षद सत्या रानी ने अपने पति किरपाल पाली के साथ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है।



बताया जा रहा है कि इस फैसले में काकू आहलुवालिया ने अहम भूमिका निभाई है। पार्षद सत्या रानी को मंत्री डॉ. रवजोत, मंत्री मोहिंदर भगत, अतुल भगत, और विनीत धीर की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी में शामिल किया गया।

## अमृतसर एयरपोर्ट पर अमृतधारी सिख को रोका गया, जमकर हुआ हंगामा

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमृतसर एयरपोर्ट पर एक अमृतधारी सिख को फ्लाइट में बैठने से रोक दिया गया। दरअसल अमृतधारी सिख व्यक्ति ने श्री साहिब पहना हुआ था और इसी को लेकर ही एयरलाइंस ने उन्हें फ्लाइट में बैठने नहीं दिया। जिसके बाद व्यक्ति ने एयरपोर्ट पर ही इसे लेकर जमकर हंगामा किया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा वायरल हो रही है।

**फ्रांस और एमिरेट्स एयरलाइन तक ने समझौता किया :** वायरल वीडियो में अमृतधारी सिख व्यक्ति कह रहा है कि कोरोना काल के समय एयर फ्रांस



और फ्लाई एमिरेट्स ने मेरे कड़े को लेकर आपत्ति जताई। लेकिन बाद में उन्होंने इसे लेकर समझौता किया, पर उन्होंने मेरा कड़ा नहीं उतारा। उन्होंने कहा कोई बात नहीं अगर यह अपने धर्म के प्रति इतना लगाव रखता है तो हम जाने देते हैं।

**धर्म और किरदार की कद्र नहीं की गई :** व्यक्ति ने आगे कहा कि पर यहां पर न तो इन्होंने जज़्बातों की कद्र की,न ही धर्म की कद्र की और न ही किसी किरदार की कद्र की।

मैंने स्पेन जाना था, पर इन्होंने कहा कि जाना है तो जाओ नहीं जाना तो आपकी मौज है। पर आप मेरी ककार देखो, न तो यह कोई बड़ी चीज है। जिसे लेकर आपत्ति जताई जा रही है।

## ठंड के चलते शिक्षा विभाग ने स्कूलों पर लिया बड़ा फैसला, बच्चों को मिलेगी राहत

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** उत्तर भारत में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है और धुंध का भी कहर जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। चंडीगढ़ शिक्षा विभाग के नए आदेशों के मुताबिक सरकारी स्कूल की टाइमिंग सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक है।

### 8वीं क्लास तक 11 तारीख तक स्कूलों में छुट्टियां

इसके साथ ही सरकारी, मान्यता प्राप्त और निजी स्कूलों में प्री-नर्सरी से लेकर 8वीं कक्षा तक की छुट्टियां 11 जनवरी तक रहेंगी। 12 जनवरी को रविवार है। इसलिए स्कूल 13 जनवरी को खुलेंगे। इस बारे में स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ का कहना है कि मौसम को देखते हुए प्री-स्कूल से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। बाकी बच्चों के लिए समय बदल दिया गया है।



HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in


आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



# नगर परिषद अध्यक्ष नवदीप सिंह पन्नू की गाड़ी पर फायरिंग, क्रेटा पर 5 गोलियां दागीं, इलाके में हड़कंप

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के होशियारपुर से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां श्री हरगोबिंदपुर नगर परिषद के अध्यक्ष नवदीप सिंह पन्नू के वाहन पर मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। यह घटना टांडा-श्री हरगोबिंदपुर मार्ग पर हुई, जिसमें पन्नू बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बुधवार को इस घटना की जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से पंजाब में फायरिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मंगलवार देर रात हुए इस



### पुलिस चौकी से पहले हुई घटना

टांडा थाना प्रभारी निरीक्षक गुरविंदरजीत सिंह ने बताया कि यह घटना टांडा-श्री हरगोबिंदपुर रोड पर अंतर जिला जांच चौकी से लगभग 750 मीटर पहले हुई। पुलिस अधीक्षक (जांच) सरबजीत सिंह बहिया ने कहा कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और हमलावरों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, और मामले की गहन जांच की जा रही है।

हमले में पन्नू और उनके ड्राइवर दोनों सुरक्षित हैं। पुलिस ने बताया कि जब पन्नू टांडा से श्री हरगोबिंदपुर की ओर जा रहे थे, तभी हमलावरों ने उनके वाहन पर कई गोलियां चलाईं। वाहन पर कुल पांच गोलियों के निशान मिले हैं।

## भ्रष्टाचार के आरोप में एआरटीओ नामजद, सुरक्षाकर्मी की ऑडियो रिकॉर्डिंग से हुआ खुलासा




**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** बठिंडा के एआरटीओ अंकित बंसल को विजिलेंस ब्यूरो मोहाली ने भ्रष्टाचार के आरोपों के तहत एक केस में नामजद किया है।

फिलहाल एआरटीओ फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले रामपुरा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने विजिलेंस के समक्ष एआरटीओ के सुरक्षा कर्मी सुखप्रीत सिंह की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रस्तुत की थी, जिसमें वह रिश्वत मांगते हुए सुनाई दे रहे थे। इसके बाद मोहाली विजिलेंस की टीम ने पंजाब पुलिस के सीनियर सिपाही सुखप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सुरक्षा कर्मी ने विजिलेंस के सामने खुलासा किया कि वह एआरटीओ के आदेश पर ही रिश्वत लेता था।

इस खुलासे के बाद विजिलेंस ब्यूरो ने एआरटीओ अंकित बंसल को भी केस में नामजद कर लिया है। विजिलेंस के एक गोपनीय सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है।

सूत्रों के अनुसार, रिश्वत कांड से जुड़े मुख्य आरोपी सुखप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद आरटीए कार्यालय बठिंडा में सन्नाटा छा गया। विजिलेंस ने आरटीए कार्यालय से कुछ रिकॉर्ड मंगवाकर उनकी जांच की, जिसमें एक प्राइवेट व्यक्ति के गूगल पे खाते में 15,000 रुपये की एंट्री पाई गई। विजिलेंस अधिकारियों ने इस मामले में प्राइवेट व्यक्ति को भी जांच में शामिल किया है।

सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस द्वारा नामजद किए जाने के बाद एआरटीओ अंकित बंसल फरार हैं। आरटीए हरजिंदर सिंह जस्सल से अभी संपर्क नहीं हो पाया है।

विजिलेंस जांच में यह भी संभावना है कि इस रिश्वत कांड में एआरटीओ और उनके सुरक्षा कर्मी के अलावा अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। सुरक्षा कर्मी सुखप्रीत सिंह ने भ्रष्टाचार के जरिए बेनामी संपत्ति बनाई है, जिसका खुलासा आगामी जांच में हो सकता है।

## कलयुगी भाई निकला दरिंदा, जमीनी विवाद के चलते कर दिया बेरहमी से कत्ल

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** लगभग 24 घंटे पहले जिले के गांव बदियाला में देर रात वृद्ध दंपति का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था। पुलिस ने कुछ ही घंटे में इस गुत्थी को सुलझाने का दावा किया है, जिसमें कातिल कोई




ओर नहीं बल्कि मृतक कयास सिंह (66) का भाई विक्रम सिंह ही निकला। जिसने भाई ओर भाभी की हत्या की थी।

पूछताछ दौरान पता चला है कि जमीनी विवाद को लेकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के समय कातिल विक्रम सिंह अपने बड़े भाई कयास सिंह के घर गया, जहां उसका भाई दूध लेने गया हुआ था तो उसने अपनी भाभी अमरजीत कौर (62) की हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद वह छिपकर बैठ गया जैसे ही उसका भाई दूध लेकर वापिस आया तो विक्रम सिंह ने तेजधार हथियारों से उसकी भी हत्या कर दी। तथ्यों को छिपाने के लिए उसने तेजधार हथियारों को सीवरेज में फेंक दिया ओर अपने कपड़े बदल लिए ताकि किसी को शक न हो। मृतक कयास सिंह का बेटा व बहु केन्द्रीय सुरक्षा बल में देश की रक्षा कर रहे थे, ने अपने माता-पिता को फोन किया तो किसी ने फोन नहीं उठाया। फिर उन्होंने पड़ोस में फोन किया तो पता चला कि उनके माता-पिता की हत्या होने की जानकारी मिली। तभी उन्होंने पुलिस को सूचना दी और रामपुरा पुलिस ने तवरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।

## कलयुगी भाई निकला दरिंदा, जमीनी विवाद के चलते कर दिया बड़ा कांड

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** लगभग 24 घंटे पहले जिले के गांव बदियाला में देर रात वृद्ध दंपति का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था। पुलिस ने कुछ ही घंटे में इस गुत्थी को सुलझाने का दावा किया है, जिसमें कातिल कोई ओर नहीं बल्कि मृतक कयास सिंह (66) का भाई विक्रम सिंह ही निकला। जिसने भाई ओर भाभी की हत्या की थी।

पूछताछ दौरान पता चला है कि जमीनी विवाद को लेकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के समय कातिल विक्रम सिंह अपने बड़े भाई कयास सिंह के घर गया, जहां उसका भाई दूध लेने गया हुआ था तो उसने अपनी भाभी अमरजीत कौर (62) की हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद वह छिपकर बैठ गया जैसे ही उसका भाई दूध लेकर वापिस आया तो विक्रम सिंह ने तेजधार हथियारों से उसकी भी हत्या कर दी। तथ्यों को छिपाने के लिए उसने तेजधार हथियारों को सीवरेज में फेंक दिया ओर अपने कपड़े बदल लिए ताकि किसी को शक न हो। मृतक कयास सिंह का बेटा व बहु केन्द्रीय सुरक्षा बल में देश की रक्षा कर रहे थे, ने अपने माता-पिता को फोन किया तो किसी ने फोन नहीं उठाया। फिर उन्होंने पड़ोस में फोन किया तो पता चला कि उनके माता-पिता की हत्या होने की जानकारी मिली। तभी उन्होंने पुलिस को सूचना दी और रामपुरा पुलिस ने तवरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।



बर्खास्त एआइजी राजजीत सिंह हुंडल के को 17 अप्रैल, 2023 को बर्खास्त कर दिया गया था। राजजीत सिंह हुंडल 1992 में एक इंस्पेक्टर के रूप में पंजाब पुलिस में शामिल हुए थे और उन्हें 2013 में मेधावी सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया था। उन पर तब से ड्रग्स और जबरन वसूली के रैकेट चलाने का आरोप है।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से गठित एक विशेष जांच दल की सीलबंद रिपोर्ट खोलने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था, जिसमें उन्हें इन गतिविधियों में शामिल बताया गया था। जुलाई 2024 में, मोहाली की अदालत ने उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में भगोड़ा घोषित किया।

**लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने का आरोप :** वहीं गुरशेर संधू पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का पुलिस हिरासत में टीवी इंटरव्यू करवाने का आरोप है। उन पर जालसाजी और भ्रष्टाचार के भी आरोप हैं। डीएसपी संधू के बारे में कहा जाता है कि वह विदेश भाग गया है। पंजाब पुलिस ने उसे पिछले साल 2 जून को सेवा से हटा दिया था।

बीते अक्टूबर के बाद संधू की कोई जानकारी नहीं है कि वह कहां है हालांकि कहा जा रहा है कि वह विदेश भाग गया है। दोनों आरोपित गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहे हैं। गुरशेर सिंह संधू 2016 बैच के पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) अधिकारी है।

### करियर की शुरुआत 2017 में हुई

गुरशेर सिंह संधू मूल रूप से जालंधर के रहने वाले हैं। गुरशेर सिंह काफी संपन्न परिवार के बताए जाते हैं। संधू पंजाब पुलिस से पहले बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट थे बाद में उनका सेलेक्शन पंजाब पुलिस अधिकारी के रूप में हो गया। करियर की शुरुआत 2017 में मोहाली में प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में हुई।

उसके बाद कुछ समय के लिए वह मुल्लांपुर में एसएचओ के रूप में तैनात रहे। प्रोबेशन पूरा करने के बाद संधू को फतेहगढ़ साहिब जिले में अमलोह का डीएसपी बनाया गया।

इसके बाद वह डीएसपी (सिटी-1) मोहाली, डीएसपी (इन्वेस्टिगेशन) मोहाली और डीएसपी (स्पेशल सेल) मोहाली के पद पर रहे। उन्होंने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में अपनी पहचान बनाई। लेकिन संधू पर विवादित संपत्तियों को खरीदने का आरोप भी है। उनके खिलाफ विजिलेंस ने भी जांच शुरू कर दी है।

# फरीदकोट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बंबीहा गैंग के दो गुर्गों का किया गिरफ्तार, कब्जे से हथियार भी बरामद

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** जिला पुलिस द्वारा गत देर रात्रि मुठभेड़ के पश्चात बंबीहा गैंग के ए श्रेणी के गैंगस्टर हरसिमरनजीत सिंह उर्फ सिम्मा बहबल के दो गुर्गों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि फरीदकोट पुलिस को इन बदमाशों की सूचना मिली थी।

उन्होंने बताया कि हत्या, नशा, चोरी, लूटपाट और असलहा एक्ट के लगभग 26 मामलों में शामिल जिले के गांव बहिबल निवासी गैंगस्टर हरसिमरनजीत उर्फ सिम्मा के दो गुर्गे क्षेत्र में घूम रहे हैं। जिसके चलते सीआईए जैतो और थाना जैतो की टीमों ने बीड़ सिक्खा वाला के नजदीक नाका लगाया हुआ था।





### मुठभेड़ में दो गुर्गे घायल

इसी दौरान वे फार्च्यूनर गाड़ी में आते दिखे। जब इन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जिसके चलते सरकारी वाहन पर भी तीन फायर लगे और उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए जवाबी फायरिंग की। जिसके चलते दोनों गुर्गे घायल हो गए।

### आरोपितों की हुई पहचान

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुखजीत सिंह उर्फ सुख रोमाना उर्फ काला पुत्र बलजीत सिंह निवासी रोमाना अलबेल सिंह और हरमनदीप सिंह उर्फ रूशा पुत्र जोरा सिंह निवासी बहबल कलां के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक .315 बोर और .32 बोर की पिस्तौल तथा 6 कारतूस बरामद किए हैं। इसके साथ ही उनकी फार्च्यूनर गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है।

### इन पर पहले से ही दर्ज था केस

गौरतलब है कि उक्त दोनों आरोपित थाना बाजाखाना में गत वर्ष 28 सितंबर को थाना बाजाखाना में दर्ज एक केस में वांछित थे। इसके अतिरिक्त सुखजीत सिंह उर्फ सुख रोमाना के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के थाना बंटर में एनडीपीएस एक्ट का केस भी दर्ज है।

# 'पंजाब के अधिकारों पर डाका...', चंडीगढ़ में एडवाइजर पद खत्म होने पर छिड़ा घमासान, आप-कांग्रेस और SAD का विरोध

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ में एडवाइजर का पद खत्म करने पर राजनीति गरमा गई है। आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताई है।




उक्त राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का कहना है कि यह निर्णय पंजाब के अधिकारों पर डाका डालने जैसा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि मुख्य सचिव की नियुक्ति राज्य के लिए होती है। चंडीगढ़ कोई राज्य नहीं है और न ही यहां कोई मुख्यमंत्री है। फिर चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति की जरूरत क्यों पड़ गई ?

**फैसले को पुनर्विचार की जरूरत :** उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस पर पुनर्विचार करे और फैसले को वापस ले। गर्ग ने कहा कि चंडीगढ़ पर पंजाब का अधिकार है। साल 1966 में हरियाणा के बंटवारे के समय स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि जब तक हरियाणा अपनी नई राजधानी नहीं बना लेता, तब तक चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश रहेगा उसके बाद इसे पंजाब को सौंप दिया जाएगा।

राजधानी बनाने के लिए 1970 में हरियाणा को 10 करोड रुपए भी दिया गया था। हिंदुस्तान में बहुत राज्यों का बंटवारा हुआ और उन्होंने अपनी-अपनी राजधानी बनाई लेकिन पंजाब के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है।

### सुखबीर सिंह ने भी की निंदा

शिरोमणी अकाली दल के प्रधान पद से इस्तीफा दे चुके सुखबीर बादल ने केंद्र के इस फैसले की निंदा की है। सुखबीर ने कहा कि फैसला पंजाब सरकार की ओर से केंद्र के साथ मिलीभगत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इस फैसले को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि यह निर्णय पंजाब की राय लिए बिना लिया गया है। यह पंजाब के चंडीगढ़ के अधिकार पर डाका मारने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र को इस फैसले को वापस लेना होगा। राज्य के लोग इस को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# पंजाब में गन प्वाइंट पर बड़ी वारदात, लुटेरों ने बैंक मैनेजर के साथ कर दिया ये कांड


**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पुलिस थाना साहनेवाल के पड़ते क्षेत्र में आज सुबह तीन नकाबपोश लुटेरों एक फैक्ट्री के डिप्टी मैनेजर से पिस्तौल की नोक पर गाड़ी लेकर फरार हो गए।



डिप्टी बैंक मैनेजर ने बताया कि वह एक निजी फैक्ट्री में डिप्टी मैनेजर है, वह आज सुबह करीब साढ़े छह बजे अपनी फैक्ट्री जा रहा था, तभीगांव उम्मेदपुरके पास डेहलो रोड पर तीन बाइक सवारों ने उसे हाथ देकर गाड़ी रोकी। उनमें से एक व्यक्ति ने उस पर पिस्तौल तान दी। जब वह गाड़ी में से बाहर निकले तो लुटेरे हवाई फायर करते हुए गाड़ी लेकर फरार हो गए।

# शर्मनाक! चंडीगढ़ के इस स्कूल में Online Class के दौरान चलने लगा अश्लील वीडियो, मचा हड़कंप

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** सेक्टर-46 स्थित सेंट मैरी स्कूल की ऑनलाइन क्लास के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक अश्लील वीडियो चलने लगा। यह घटना मंगलवार को छठवीं कक्षा की मैथ की क्लास के दौरान हुई। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल के छात्र और शिक्षक नियमित रूप से ऑनलाइन क्लास कर रहे थे। अचानक स्क्रीन पर एक अश्लील वीडियो चलने लगा, जिससे सभी छात्र और शिक्षक स्तब्ध रह गए। तुरंत ही क्लास को बंद कर दिया गया और मामले की सूचना स्कूल प्रशासन को दी गई।



### अभिभावकों में रोष

इस घटना के बाद छात्रों के अभिभावक काफी आक्रोशित हैं। उन्होंने स्कूल प्रशासन से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है। इस घटना ने ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों ने सरकार से भी इस मुद्दे पर सख्त कानून बनाने की मांग की है।

### नोएडा से आया था हैरान करने वाला मामला

उत्तर प्रदेश के नोएडा में फेज तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर 70 स्थित लर्न विद फन प्ले स्कूल के शौचालय में डायरेक्टर ने हिडन कैमरा लगाया था। शिक्षिका ने इस कैमरे को पकड़ लिया और मंगलवार की सुबह थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर 70 में लर्न विद फन प्ले स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि वह 10 दिसंबर को स्कूल में बने शौचालय में गई थी। उनकी नजर शौचालय में लगे बल्ब के होल्डर पर पड़ी। उसमें एक हिडन कैमरा लगा था। इसके बाद इसकी जानकारी स्कूल निदेशक नवनीश शाह व कोआर्डिनेटर पारुल को दी। उस कैमरे को पारूल को दिया था। आरोप है कि

### हिसार में छात्रा ने टीचर पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

हिसार से दुष्कर्म का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक छात्रा ने अपने अध्यापक पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। छात्रा ने अपने ही अध्यापक पर उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

छात्रा का आरोप है कि आरोपित अध्यापक पिछले पांच साल से फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि अध्यापक बहुत पहले उसे बहला-फुसलाकर एक होटल में ले गया था। उस समय उसकी उम्र 17 साल थी। दोनों ने कोई कार्रवाई नहीं की और टरका दिया था।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# आंदोलन के बीच किसानों का बड़ा ऐलान, पुरे देश में इस दिन निकालेंगे ट्रेक्टर मार्च

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालने की घोषणा की है।

जल्द ही इसको लेकर प्लान बनाया जाएगा। यह किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की चल रही भूख हड़ताल के बीच हुआ है। आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। उनके अनशन का आज 44वां दिन है।

**एक घंटे तक वह बेहोश रहे डल्लेवाल :** वहीं सोमवार देर रात डल्लेवाल की अचानक सेहत बिगड़ गई। एक घंटे तक वह बेहोश रहे। बताया जा रहा है कि उनका ब्लड प्रेशर काफी ज्यादा कम हो गया था। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने उनके हाथ-पैर पर मालिश की फिर जाकर उन्हें होश आया।



### 56 तक आ गया था बीपी

डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल की रात को पल्स रेट 42 हो गया था। जबकि ब्लड प्रेशर की अपर रेंज 80 तक आ गई थी और लोअर रेंड 56 तक पहुंच गई थी। जबकि इस उम्र में पुरुषों का सामान्य बीपी 133/69 होता है। जिस वजह से वह बेहोश हो गए थे और डॉक्टरों ने उनकी मालिश कर दोबारा होश में लाया, फिर पानी पिलाया।

### 4 जनवरी को भी खराब हुई थी सेहत

आपको बता दें कि इससे पहले भी डल्लेवाल की सेहत काफी ज्यादा खराब हो चुकी है। 4 जनवरी को महापंचायत में किसानों को संबोधन करने के बाद डल्लेवाल की सेहत खराब हो गई थी और उन्हें चक्कर- उल्टियां आने लगी।

उस समय भी उनका ब्लड प्रैशर कम हो गया था। जिसके बाद सेहत विभाग ने एक टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उल्टियां होने के बाद डल्लेवाल ने पानी पीना छोड़ दिया था। उनकी सेहत काफी कमजोर हो गई थी।

## हैवानियत की हदें पार, हाथ पैर और मुंह बांधकर 40 कुत्तों को 40 फीट ऊंचे पुल से फेंका, 21 की मौत

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** हैदराबाद में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिसने सभी के रौंगटे खड़े कर दिए। जहां करीब 40 कुत्तों को 40 फीट ऊंचे एक पुल से नीचे फेंका गया। जिसमें 21 कुत्तों की मौत हो गई और 11 कुत्ते बुरी तरह से घायल हैं।



**कुत्तों के बांधे हाथ, पैर और मुंह :** पुल से फेंके गए सारे कुत्तों के हाथ-पैर बांध दिए गए थे। साथ ही उनके मुंह भी बंधे हुए थे, जिससे किसी का उन पर ध्यान न जाए। 4 जनवरी को सिटीजन फॉर एनिमल्स नामक एक पशु कल्याण संगठन को इसकी जानकारी मिली। संगठन के वॉलंटियर्स जब मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। सभी ने हैदराबाद के इंद्रकरन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कुत्तों को नजदीकी पुल से नीचे फेंका गया होगा। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं की जा सकी है। मृतक कुत्तों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही इस मामले पर कुछ कहा जा सकता है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अपराधियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सिटीजन फॉर एनिमल्स के वॉलंटियर्स का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद जब वो मौके पर पहुंचे तो कई कुत्तों का मौत हो चुकी थी और उनकी लाशें पानी में तैर रही थीं। उनके शवों में कीड़े पड़े थे और वो बुरी तरह से सड़कर बदबू कर रहे थे। वहीं घायल कुत्ते भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे।

## सुधरेगी अस्पतालों की हालत : पंजाब के स्वास्थ्य विभाग को 250 करोड़ की ग्रांट, 15वें वित्त आयोग ने किए जारी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार के स्वास्थ्य विभाग को 15वें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 250 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी कर दी है। इससे जहां अस्पतालों की हालत सुधारने के लिए काम किया जाएगा, वहीं शहरी आम आदमी क्लीनिकों के इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी। इसी तरह केंद्र ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत 130 करोड़ रुपये की दूसरी ग्रांट भी जारी कर दी है। हाल ही में सरकार ने एनएचएम के फंडों की ऑडिट करवाकर केंद्र को एक रिपोर्ट भेजी थी, जिसके बाद ही दूसरी ग्रांट जारी की गई है। पहली किस्त के 123 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की तरफ से पिछले महीने जारी किए गए थे। विवाद के चलते राज्य को ढाई साल बाद यह राशि मिली थी।



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत राशि मिलने के बाद विभाग ने सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है, जिनमें स्वास्थ्य सुविधाएं की कमी है। साथ ही विभाग ने 165 नये आम आदमी क्लीनिक भी बनाए हैं, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस परियोजना में भी विभाग को काफी फायदा होगा, क्योंकि केंद्र ने एनएचएम के तहत 130 करोड़ रुपये की दूसरी ग्रांट भी जारी कर दी है। अब राज्य सरकार ने केंद्र से तीसरी ग्रांट मांगी है।

प्रदेश में अब आम आदमी क्लीनिकों की संख्या बढ़कर 842 हो गई है। ग्रामीण में 530 और शहरी क्षेत्रों में 312 क्लीनिक है। ग्रामीण के बाद अब सरकार की योजना शहरी क्षेत्रों में भी इन क्लीनिकों के विस्तार करने की है।

जिस तरह से माइग्रेशन बढ़ा है, उससे शहरी अस्पतालों में दवाब बढ़ता जा रहा है। अब तक 1.90 करोड़ लोग इन क्लीनिकों में अपना इलाज करवा चुके हैं, जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने के लिए यह ग्रांट सरकार के लिए काफी अहम है।

**विवाद के चलते रुक गई थी ग्रांट**


केंद्र सरकार ने आरोप लगाया था कि एनएचएम फंड का दुरुपयोग करके पंजाब में आम आदमी पार्टी क्लीनिक खोले गए। अब केंद्र व राज्य सरकार की बीच सहमति बनी है कि राज्य सरकार इस योजना में केंद्र की ब्रांडिंग करेगा, जिसके बाद ही रुकी हुई राशि जारी की गई है। राज्य सरकार की तरफ से सबमिट उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार उसके पास 663 करोड़ रुपये का कुल फंड था, जिसमें से 517 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए हैं। इस तरह कुल 77.98 प्रतिशत राशि राज्य की तरफ से खर्च की गई है। केंद्र ने राज्य को निर्देश दिए थे कि नई ग्रांट मांगने से पहले पुरानी ग्रांट का उपयोगिता प्रमाण पत्र सबमिट किया जाना चाहिए। बता दें कि आम आदमी क्लीनिकों में एक मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, क्लीनिक असिस्टेंट और स्वीपर एवं हेल्पर की सुविधा दी गई है। साथ ही 80 तरह की दवाइयां भी उपलब्ध है, लेकिन केंद्र से फंड न मिलने के चलते सरकार को यह खर्च उठाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# एचएमपीवी वायरस : पंजाब में अस्पताल तैयार, स्वास्थ्य विभाग ने टेस्टिंग की शुरू; मंत्री बोले- घबराएं नहीं

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** चीन में फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की भारत में दस्तक के बाद केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार को सतर्क रहने के लिए बोला है।

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बैठक करके सभी अस्पतालों को एडवाइजरी जारी कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि राज्य में टेस्टिंग शुरू कर दी है, ताकि समय रहते मरीजों का पता लगाया जा सके। सभी अस्पतालों में विशेष वार्ड व बेड तैयार हैं। फिलहाल पंजाब में कोई मरीज नहीं आया है।

मंत्री ने कहा कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन छोटे बच्चों



व बुजुर्ग मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनकी इम्युनिटी कम होती है। यह 20 साल पुराना वायरस है और बहुत ही माइल्ड है। इससे कोई खतरा नहीं है। इसमें खांसी व जुकाम होता है और दूसरे फ्लू की तरह ही लोग एक दूसरे के संपर्क में आकर चपेट में आ जाते हैं। अगर किसी को खांसी व जुकाम है तो यह बेहतर है कि वह मास्क पहने और भीड़भाड़ वाली जगहों पर न जाएं।

लोगों को नियमित रूप से अपने हाथ धोने चाहिए और मुंह व नाक पर हाथ नहीं लगाने चाहिए। राज्य सरकार की अमृतसर में लैब तैयार है, जहां वायरस की टेस्टिंग शुरू कर दी गई है।

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पंजाब में बड़े हमले की आशंका: बीएसएफ को इनपुट, गुरदासपुर-पठानकोट सहित सरहदी इलाकों में अलर्ट

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के सरहदी इलाके में किसी बड़े हमले का अंदेशा जताया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को इससे जुड़े इनपुट मिले हैं। नई दिल्ली स्थित बीएसएफ हेडक्वार्टर से डीआईजी, कमांडेंट, 2आईसी और इंस्पेक्टर रैंक सहित 7 अफसरों की टीम मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंची।

टीम ने गृह सचिव गुरकिरत कृपाल सिंह के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। इसमें पंजाब पुलिस के भी कई अफसर शामिल थे। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरदासपुर और पठानकोट में आतंकी हमले को लेकर बड़े इनपुट मिले हैं जिन्हें बीएसएफ ने पंजाब सरकार, एनआईए और भारतीय खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया है। यहां तक कि बीएसएफ दिल्ली हेडक्वार्टर से आए अफसरों ने बॉर्डर एरिया



में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने को लेकर भी बात की। बीएसएफ के अफसरों ने गृह सचिव से सरहदी इलाके में पंजाब सरकार की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की दिशा में नाइट विजन कैमरा, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम और बॉर्डर एरिया के थानों की मुस्तैदी बढ़ाने के लिए कहा है।

### बॉर्डर एरिया से लगातार की जा रही फंडिंग

बीएसएफ के अधिकारियों ने पंजाब पुलिस, एनआईए और अन्य एजेंसियों के साथ सरहदी इलाके से इन दिनों बढ़ी टेरर फंडिंग को लेकर इनपुट साझा किए हैं। टेरर फंडिंग के जरिए एक बार फिर प्रदेश में खालिस्तानी आतंकी मूवमेंट को हवा देने की कोशिश की जा रही है।

केजेडएफ के चीफ रणजीत सिंह नीटा ग्रीस में बैठे जसविंदर सिंह मन्नू और यूके बैठे जगजीत सिंह के जरिए आतंकी हमलों को अंजाम देने की प्लानिंग की जा रही है।

## स्पेन में पंजाबी युवक की मौत, 12 साल पहले गया था विदेश



**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** विदेश में पंजाबियों की मौत की खबरें आए दिन किसी न किसी वजह से सामने आती रहती हैं। स्पेन से एक और पंजाबी की मौत की खबर मिली है। मृतक पिछले 12 साल से स्पेन में रहता था । मृतक की पहचान 35 साल के सरबपाल के रूप में हुई है।

### 2 बच्चों का पिता था मृतक

मृतक के करीबी रिश्तेदार हरपाल सिंह ने बताया कि सरबपाल अमृतसर का रहने वाला था। मृतक के परिवार में पत्नी और 2 बच्चे हैं।

वहीं हरपाल ने बताया कि सरबपाल कुछ दिन से बीमार था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हुआ है।

## पटियाला में स्टेज पर भांगड़ा कर रहे कलाकार की मौत, 20 सेकेंड के वीडियो में दिखी लाइव मौत

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब में पटियाला में शादी में स्टेज पर भांगड़ा कर रहे कलाकार की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर भांगड़ा का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। मृतक की पहचान बब्बू के रूप में हुई है । बब्बू पटियाला के राजपुरा का रहना वाला था। जानकारी के अनुसार बब्बू अपने परिवार का अकेला कमाने वाला था और उसके 2 छोटे बच्चे हैं।

**भांगड़ा करते हुए स्टेज पर हुई मौत :** बब्बू के साथी कलाकारों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से भांगड़ा पार्टी में एक साथ ही काम करते थे । वहीं परिवार ने बताया उसे किसी प्रकार की कोई बीमारी या अन्य कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन अचानक भांगड़ा करते हुए स्टेज पर उसकी मौत हो गई।



### 20 सेकेंड के वीडियो में दिखी मौत

बता दें कि यह शादी पटियाला के राजपुरा स्थित बेदी फार्म में थी। इसमें भांगड़ा पार्टी को बुलाया गया था। जहां स्टेज पर भांगड़ा करते हुए बब्बू को दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई । हालांकि, इसकी कोई डॉक्टरी रिपोर्ट नहीं है। शादी समारोह से इस घटना का करीब 20 सेकंड का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें भांगड़ा पार्टी के सदस्य स्टेज पर भांगड़ा कर रहे हैं।

## पंजाब में कल बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने 11 जिलों में जारी किया Orange Alert

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विभाग ने पंजाब और चंडीगढ़ के 23 जिलों में घने कोहरे और ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि, अभी तक बारिश की कोई चेतावनी नहीं है। नौ जनवरी की रात से बारिश होने की संभावना है।

**11 जिलों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट :** आज पठानकोट, गुरदासपुर, होशियारपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, मोगा, बठिंडा, मनसा, रूपनगर और मोहाली में घने कोहरे और ठंड का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमृतसर, तरनतारन, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, बरनाला, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला और मालेरकोटला ठंडे दिनों और घने कोहरे की नारंगी चेतावनी के तहत हैं।

**लोगों के लिए एडवाइजरी जारी**



: वहीं HMPV (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) के देश में मामले देखने को मिल रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने राज्य के लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि लोग घर से बाहर निकलने से पहले मास्क पहनने की अपील की है।

**घबराने की जरूरत नहीं, हम तैयार हैं :** मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि इस वायरस से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। पंजाब में अभी तक इसका कोई केस सामने नहीं आया है। राज्य सरकार इस बीमार को लेकर केंद्र के संपर्क में है और इससे पैदा होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनें

उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों की इम्यूनिटी हेल्थ कमजोर है या फिर जो लोग 60 से अधिक साल के हैं वह भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहन कर निकलें। यह वायरस कोरोना जितना गंभीर नहीं है, इसके लक्षण फ्लू जैसे होते हैं और यह जानलेवा नहीं होता है। पंजाब का स्वास्थ्य विभाग हर तरह की स्थिति से लड़ने के लिए तैयार है।

### पंजाब के डॉक्टर अलर्ट पर

मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस से हमने बहुत कुछ सीखा है, इसलिए हम इस वायरस के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंजाब के डॉक्टर अलर्ट पर हैं और उन्हें भी एडवाइजरी जारी कर दी गई है। पंजाब में हर तरह का मुफ्त ईलाज होगा।





# लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयानक आग, 30 हजार लोगों ने छोड़ा अपना घर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका के स्थानीय मीडिया ने बुधवार को बताया कि लॉस एंजिल्स के विभिन्न इलाकों में आग तेजी से फैलने के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में लगी भीषण आग पर अग्निशमन दल काबू पा रहे हैं, जहां 30,000 लोगों को अपने घर खाली करने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आग प्रशांत पैलिसेड्स की तलहटी में तेजी से फैल रही है, यह ऐसा इलाका है जहां कई मशहूर हस्तियों के घर हैं और आपातकालीन सेवाएं लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मदद कर रही हैं।

कैलिफोर्निया के गवर्नर ने आपातकाल की घोषणा की है, जिन्होंने निवासियों से सतर्क रहने, सभी आवश्यक सावधानियां बरतने और स्थानीय आपातकालीन दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।

अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन कई घरों में आग लग गई है और इलाके में इमारतों को नुकसान पहुंचने की कई रिपोर्ट हैं। लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट की फायर चीफ क्रिस्टिन क्राउली ने कहा कि 250 से अधिक फायरफाइटर्स इस क्षेत्र में हैं, जिसे उन्होंने अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के रूप में वर्णित किया है, क्योंकि अत्यधिक आग लगने का मौसम है। 40 मील प्रति घंटे की हवा और शुष्क परिस्थितियों के कारण, चीफ क्राउली ने बताया कि आग तेजी से फैलकर 1,000 से अधिक फुटबॉल पिचों के आकार तक पहुंच गई है और बढ़ती जा रही है, उन्होंने कहा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एलए फायर डिपार्टमेंट ने क्षेत्र में ऑफ-ड्यूटी फायरफाइटर्स से अधिक मदद के लिए अपील भी पोस्ट की है।



## असम खदान हादसा : पानी भरने से एक की मौत, 8 मजदूर अभी भी फंसे; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में 9 मजदूर पिछले 48 घंटो से फंसे थे। वहीं, अब ताजा जानकारी के अनुसार, उमरंगसो क्षेत्र के 3 किलो स्थित कोयला खदान से एक शव बरामद किया गया है। खोज एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है। दरअसल, 6 जनवरी को खदान में अचानक पानी भर गया था। मजदूरों के रेस्क्यू के लिए सेना को लगाया गया है। मंगलवार रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ टीमों और अन्य एजेंसियों का संयुक्त बचाव अभियान सोमवार - 6 जनवरी को 3 किलो, उमरंगसो क्षेत्र में एक कोयला खदान में फंसे 9 लोगों को बचाने के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है।



खदान में काम करने वाले एक खनिक, जिसका भाई भी फंसा हुआ है, ने कहा, अचानक लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पानी भर रहा है (खदान में); 30-35 लोग बाहर आ गए, लेकिन 15-16 लोग अंदर ही फंस गए। दीमा हसाओ जिले के एसपी मयंक झा ने बताया कि खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक अचानक पानी आया, जिसके कारण मजदूर खदान से बाहर नहीं निकल पाए।

## सड़क हादसे में घायल को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक फ्री इलाज, जानें सबकुछ

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस' या नकदी-रहित इलाज प्रदान करने के लिए मार्च तक एक संशोधित योजना लाएगी। इसके तहत प्रति दुर्घटना प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' इलाज की सुविधा मिलेगी। गडकरी ने कहा कि यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए), पुलिस, अस्पताल और राज्य स्वास्थ्य एजेंसी आदि के समन्वय से कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होगी। कार्यक्रम को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ईडीएआर) एप्लिकेशन और एनएचए की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को मिलाकर एक आईटी मंच के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

**7 दिन तक मिलेगी यह सुविधा :** गडकरी ने कहा, पायलट कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा के अनुसार पीड़ित दुर्घटना की तारीख



से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' उपचार के हकदार हैं। सरकार इस साल मार्च तक एक संशोधित योजना लेकर आएगी। उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'कैशलेस' उपचार प्रदान करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था।

चंडीगढ़ में शुरू किए गए पायलट कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एक परिवेश तैयार करना था। पायलट परियोजना को बाद में छह राज्यों तक बढ़ाया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार पायलटों की तर्ज पर वाणिज्यिक चालकों के लिए काम के घंटे तय करने की नीति बनाने के लिए श्रम कानूनों का अध्ययन कर रही है, क्योंकि चालकों की थकान के कारण भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के सड़क परिवहन क्षेत्र में परिवर्तन लाने में मदद के लिए मुद्दों, समाधानों और उठाए जाने वाले अगले कदमों पर समग्र रूप से विचार-विमर्श करने के लिए छह और सात जनवरी, 2025 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान वाहन को कबाड़ में बदलने की नीति के कार्यान्वयन में तेजी लाने, पूरे भारत में पीयूसीसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र) 2.0 को अपनाने, बीएस-सात मानदंडों को लागू करने की समयसीमा के साथ-साथ प्रदूषण में अपेक्षित कमी पर चर्चा की गई। गडकरी ने देशभर में चालक प्रशिक्षण संस्थानों (डीटीआई) की स्थापना के लिए योजना भी शुरू की।

## केजरीवाल के सिर संतों का आशीर्वाद, सनातन सेवा समिति का किया ऐलान

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने पुजारी-ग्रंथी योजना के बाद अब 'सनातन सेवा समिति' की शुरुआत की है। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने बीजेपी मंदिर प्रकोष्ठ के करीब 100 सदस्यों को पार्टी में शामिल कराया। आप के मंच पर कई भगवा धारी साधु-संत भी दिखाई दिए।

### बीजेपी मंदिर प्रकोष्ठ के 100 सदस्य आप में शामिल

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में सनातन सेवा समिति की शुरुआत की। आम आदमी पार्टी के मंच पर भगवा झंडा और हनुमान जी की तस्वीर दिखाई दी। इस दौरान बीजेपी मंदिर प्रकोष्ठ के करीब 100 सदस्यों आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।



पार्टी द्वारा 'सनातन सेवा समिति' का गठन भाजपा के 'मंदिर प्रकोष्ठ' का जवाब माना जा रहा है। अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ के कई सदस्यों को इस विंग में शामिल भी किया गया। पुजारियों और ग्रंथियों को मासिक 18 हजार रुपए का ऐलान कर चुकी पार्टी ने कई संतों की मौजूदगी में नई विंग की घोषणा की। आम आदमी पार्टी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संतों का स्वागत किया गया जिनमें जगतगुरु रामानुजाचार्य, स्वामी योगेश्वर महाराज, स्वामी अवधेश महाराज, कथावाचक आचार्य श्री मधुर दास जी महाराज, बालाजी महंत महेश चंद्र जी महाराज समेत अनेक संत और पुजारी शामिल हुए। अरविंद केजरीवाल ने संतों को भगवा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। संतों ने 18 हजार रुपए वाली घोषणा को लेकर केजरीवाल की तारीफ की।

वहीं, केजरीवाल ने कहा कि ऊपर वाला तय करता है कि किस काम के लिए उसे किसे चुनना है। उन्होंने कहा कि वह ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य क्रांति और बिजली सुधार के लिए उन्हें चुना। केजरीवाल ने कहा, 'अब सनातन धर्म के लिए जो इतना बड़ा काम किया जा रहा है, सनातन धर्म के लिए जो पुजारी वर्ग, संत वर्ग 24 घंटे काम करता है, जो लोगों और भगवान के बीच सेतु का काम करता है, उन लोगों के लिए सेवा करने का मौका हमें दिया।